1 को 9वीं रेक पहुंच सकती है आरे कारशेड

मुंबई. मेट्रो लाइन-3 के लिए नौवीं रेक मुंबई पहुंच गई है और 1 नवंबर को आरे कार शेड पहुंचने की उम्मीद है. मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एमएमआरसी) का कहना है कि इस लाइन के पहले चरण को शुरू करने के लिए हमें सभी 9 रेक की जरूरत है. 9 रेक पूरे होने के बाद ही लाइन शुरू की जाएगी. बता दें कि मेट्रो-3 का पहला चरण (आरे से बीकेसी) दिसंबर में शुरू हो सकता है, क्योंकि कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस बारे में घोषणा की थी. एमएमआरसी ने एल्सटॉम से 31, 8-कोच रेक का ऑर्डर दिया था, जिसका निर्माण आंध्र प्रदेश के श्री सिटी में किया जा रहा है. एमएमआरसी का यह प्लान है कि कुल 110 सर्विस 12 किलोमीटर के पहले चरण में चलाई जाएगी, उसका समय 25 मिनट होगा. अधिकारी ने बताया कि नवंबर के मध्य तक रेक का परीक्षण शुरू किया जाएगा.